Title : Need to restore Old Pension Scheme-laid

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर **(खीरी) :** मैं आपका ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय एन.पी.एस. तथा यू.पी.एस. व्यवस्था समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । उत्तर प्रदेश के 15 लाख सहित देश के लगभग 1 करोड़ शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन व्यवस्था ओ.पी.एस. को समाप्त कर विभेदकारी नई पेंशन व्यवस्था एन.पी.एस. तथा एकीकृत पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई है । यहाँ तक की देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले अर्द्ध सैनिक बलों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित कर दिया गया है । नई पेंशन योजना, जो न कर्मचारियों, शिक्षकों, अधिकारियों के हित में है, ना ही राज्य और देश के हित में है, एन.पी.एस. के तहत सेवानिवृत्त होने वालों को ₹1200/- तो किसी को ₹1500/-, ₹3500/-, ₹4000/- पेंशन प्राप्त हो रही है । वंही यू.पी.एस. में शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों के द्वारा अपने पूरे नौकरी के दौरान वेतन से की गई पूरी कटौती को भी वापस नहीं देने की बात की जा रही है । इस योजना में भी एन.पी.एस. की तरह अनेकों विसंगतियाँ हैं । इन विसंगतिपूर्ण पेंशन योजना से जीवन यापन करना बेहद कठिन और असंभव है । देश के करोड़ों शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों और अर्धसैनिक बलों के हित व राष्ट्र हित को देखते हुए नई पेंशन योजना को बंद कर यथाशीघ्र पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की कृपा करें ।